श्रीराम शिक्षा मंदिर
उच्चतर माध्यमिक सहशिक्षा विद्यालय
जिंदपुर दिल्ली - 110036
सत्र : 2013-14
ग्रीष्मकालीन अवकाश हेतु गृहकार्य
विषय : हिन्दी
कक्षा : छठी

* निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं दो विषयों पर सुन्दर लेख में निबंध लिखो तथा अर्थपूर्ण चित्र बनाकर चिपकाओ.

(1) पुस्तकालय (2) मेरे जीवन का आदर्श

(3) जीवन में कंप्यूटर की उपयोगिता (4) दिल्ली में बढ़ते अपराध

* आपके घर का पता बदल गया है। अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या जी को बस रूट बदलने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखो।

* अपने पिताजी को पत्र लिखकर विद्यालय में आयोजित समर-कैंप में शामिल होने की अनुमति तथा शुल्क की जानकारी दो।

* किसी समाचार पत्र के संपादक को अपनी स्वरचित कहानी या कविता छापने के लिए आवेदन पत्र लिखो।
कविता शीर्षक - 'मेरा देश'।
कहानी शीर्षक - दीपक और सूर्य।

* अपने गाँव के ब्लाक प्रमुख के कार्यालय में जाकर साक्षात्कार माध्यम से पता लगाओ कि वह आपके क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी कैसे एकत्र करते हैं तथा उचित कार्यवाही करते हैं।

* अपने घर के किसी बुजुर्ग सदस्य का इंटरव्यू लेने के लिए प्रश्न सूची तैयार करो तथा उनके जवाब रिकार्ड करके उसकी रिपोर्ट (जानकारी) लिखो.

* 'बाल रामायण' पुस्तक पुस्तिका पढ़कर उस पर एक 'प्रश्नोत्तरी' तैयार करो [कम से कम 50 शब्द]

## * लोकोक्तियाँ

1. ऊँची दुकान फीका पकवान - झूठा मान
2. दूध का दूध पानी का पानी - सही न्याय
3. घर का भेदी लंका ढाए - विश्वास घाती
4. चिराग तले अँधेरा - अपनी कमी न पहचानना
5. सूरज को दीया दिखाना - बुद्धिमान को ज्ञान देने का प्रयास
6. एक अनार सौ बीमार - कम साधन
7. अक्ल बड़ी कि भैंस -
8. चोर की दाढ़ी में तिनका - दोषी व्यक्ति
9. आम के आम गुठलियों के दाम - दोहरा लाभ
10. मुँह में राम बगल में छुरी - विश्वास घाती
11. जैसा देश वैसा भेष - स्थिति देखकर काम करना
12. आ बैल मुझे मार - मुसीबत को पास बुलाना
13. जैसी करनी वैसी भरनी - कार्य के अनुरूप परिणाम
14. अंधों में काना राजा - अल्प ज्ञानी
15. आस्तीन का साँप - विश्वासघाती मित्र
16. थोथा चना बाजे घना - अल्पज्ञानी का दिखावा
17. न नौमन तेल होगा न राधा नाचेगी - गलत शर्त रखना
18. नाच न जाने आँगन टेढ़ा - अपनी कमी किसी और पर डालना
19. अंधी पीसे कुत्ता खाय - मूर्ख लोगों की कमाई धूर्त ही खाते हैं।
20. जैसे को तैसा - कार्य के अनुरूप प्रतिक्रिया

## * विलोम शब्द

1. अक्षम - सक्षम
2. अधिक - न्यून
3. अनुकूल - प्रतिकूल
4. अपव्यय - मितव्यय
5. दुर्लभ - सुलभ
6. अल्पायु - दीर्घायु
7. आकाश - पाताल
8. आदान - प्रदान
9. आरोह - अवरोह
10. आयात - निर्यात
11. उग्र - शांत
12. उचित - अनुचित
13. उतार - चढ़ाव
14. उत्थान - पतन
15. उदय - अस्त
16. उर्वर - ऊसर
17. ऋणी - उऋण
18. कायर - वीर
19. कठोर - कोमल
20. कृत्रिम - स्वाभाविक

* हिन्दी के समाचार पत्रों में से कोई दस प्रमुख सूचनाएँ (चित्र सहित) काटकर अपनी 'स्क्रैप फाइल' में चिपकाओ तथा उनका सार अपने शब्दों में लिखो.

* याद करने के लिए कार्य

निम्नलिखित कार्य को भली भाँति समझते हुए याद कीजिए :-

* मुहावरे

1. अगर मगर करना - टाल मटोल करना
2. आकाश पाताल एक करना - बहुत परिश्रम करना
3. ईद का चाँद - बहुत दिनों बाद दिखाई देना
4. उल्लू बनाना - मूर्ख बनाना
5. कोल्हू का बैल - बहुत अधिक मेहनत करना
6. चार चाँद लगाना - खूबसूरती बढ़ाना
7. नीचा दिखाना - अपमानित करना
8. पानी भरना - अत्यधिक तुच्छ सिद्ध होना
9. पेट में दाढ़ी - बहुत चतुर होना
10. मुँह उतरना - उदास हो जाना
11. हाथ बढ़ाना - मदद के लिए आगे आना
12. टाँग अड़ाना - बेकार में दखल देना
13. खून खौलना - बहुत गुस्सा आना
14. कमर टूटना - बहुत बड़ी मुसीबत आना
15. दाल न गलना - सफल न होना
16. बाएँ हाथ का खेल - आसान काम
17. जान पर खेलना - खतरा उठाना
18. काँटे बिछाना - परेशानी खड़ी करना
19. किताबी कीड़ा - पढ़ाकू
20. ईंट से ईंट बजाना - कड़ा मुकाबला करना.

## * समानार्थी शब्द

1. अनुचर - सेवक
2. आँख - नयन
3. आनंद - उल्लास
4. इच्छा - कामना
5. अतिथि - मेहमान
6. गाय - धेनु
7. कान - कर्ण
8. खल - दुष्ट
9. किरण - रश्मि
10. कृषक - किसान
11. दिन - दिवस
12. देवता - सुर
13. नदी - सरिता
14. किनारा - तीर, तट
15. चाँद - हिमांशु
16. थोड़ा - तनिक
17. अहंकार - अभिमान, दर्प
18. उद्यान - उपवन
19. उन्नति - प्रगति
20. तम - अंधकार

## * अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

1. अनुकरण करने योग्य - अनुकरणीय
2. जिसका कोई दोष न हो - निर्दोष
3. काठ की पुतली - कठपुतली
4. तीन मंज़िल वाला - तिमंज़िला
5. शुभ है जो आगमन - शुभागमन
6. सहन न करने योग्य - असहनीय
7. साहित्य से संबंधित - साहित्यिक
8. हिम का घर - हिमालय
9. जहाँ जन्म हुआ हो - जन्मस्थान
10. जो सरलता से मिल जाए - सुलभ
11. दूसरे के काम में दखल देना - हस्तक्षेप
12. तीन मास में एक बार होने वाला - त्रैमासिक
13. माह में दो बार होने वाला - पाक्षिक
14. आकाश को छूने वाला - गगनचुंबी
15. बुराई के लिए प्रसिद्ध - कुख्यात
16. जो कड़वा बोलता हो - कटुभाषी
17. इस संसार से संबंधित - लौकिक
18. ऊँचे कुल का - कुलीन
19. जिसमें जानने की इच्छा हो - जिज्ञासु
20. बुरा आचरण करने वाला - दुराचारी

* कृपया सभी लेखन कार्य स्क्रैप फाइल में ही करें।